## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्य ने बैठक का किया बहिष्कार

**शहडोल।** मध्यप्रदेश पंचायती राज अधिनियम को तोडक़र मनमाने ढंग से आयोजित की जारी बैठक को लेकर जिला पंचायत सदस्य अंजू गौतम रैदास ने बैठक का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है, जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि जिला पंचायत का संचालन मनमाने ढंग से विधि विरूद्ध तरीके से किया जा रहा है, जिसका विरोध मेरे द्वारा कई बार किया गया, किन्तु सुधार नहीं किया गया मन माने ढंग से जब चाहे तब बैठकों का आयोजन किया जाता है, जिसकी सूचना प्रावधानों में उल्लेखित 10 दिन का समय दिए बगैर एक-दो दिन में कर लिया जाता है, ताकि नियमानुसार चलने वाला सदस्य तथा भ्रष्टाचार विरोधी बातों को रखने वाला व्यक्ति सदन में उपस्थित न हो सके और अपनी बात न रख सके। जिला पंचायत अध्यक्ष को पत्र जारी करते हुए कहा कि इस तरह की बैठक का मैं बहिष्कार करती हूं तथा आगामी माह अप्रैल में इसका सशक्त विरोध करने के लिए अनिश्चितकालीन धरना दूंगी।

### विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों को नोटिस



**शहडोल।** बुधवार को तहसीलदार जैतपुर सुश्री अर्चना मिश्रा ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुर का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान पाया गया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतपुर के प्राचार्य बृज किशोर शाय पैकरा, समयलाल सिंह श्याम सहायक शिक्षक, श्रीमती प्रीती ढीमर अतिथि शिक्षक एवं सूर्यभान साहू अतिथि शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित पाए गये। जिन्हें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग के द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर तत्काल जवाब चाहा गया है।

### आज उप मुख्यमंत्री रहेंगे जिले के प्रवास पर



**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 28 मार्च को जिले के प्रवास पर रहेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल कार द्वारा 28 मार्च को दोपहर 11 बजे रीवा से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे, दोपहर 2 बजे शहडोल आगमन एवं कार्यकर्ताओ से भेंट करेंगे। उप मुख्यमंत्री 3 बजे शहडोल से धनपुरी के लिए प्रस्थान करेंगे, 3:25 बजे धनपुरी पहुंचकर नगर पालिका द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों का अवलोकन करेंगे। उप मुख्यमंत्री 4 बजे धनपुरी से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे तथा 4:30 बजे शहडोल पहुंचकर वार्ड नंबर 27 शहडोल के शुभम पैलेस में श्री राम कथा में सम्मिलित होगें। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल सांय 5:30 बजे से कलेक्टर कार्यालय में जिला योजना समिति की बैठक लेंगे, सांय 6:30 बजे चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में कार्य परिषद की बैठक एवं सांय 7:30 बजे जिले की स्वास्थ्य विभाग की संभागीय बैठक लेंगे एवं रात्रि 8:30 बजे सर्किट हाउस आगमन एवं समय आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 29 मार्च को प्रातः 6 बजे शहडोल से रीवा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आगजनी का आरोपी गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना में 24 मार्च को फरियादिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 23 मार्च की रात्रि को संतोष केवट नाम का व्यक्ति द्वारा फरियादिया के घर में जान-बुझकर आग लगा दिया गया। जिससे घर में रखे लगभग 2 लाख रूपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। जिसकी रिपोर्ट पर थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। 25 मार्च को उक्त आरोपी संतोष केवट पिता दशरथ केवट निवासी अमराडण्डी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## अंत्येष्टियां नहीं होगीं, विधानसभा से भी कोई लाभ नहीं

# बिक गया बाणगंगा का श्मशान घाट, बन गया पट्टा

**शहडोल।** पैसापरस्ती और बाजारवाद की अंधी दौड़ में अब शायद सब कुछ संभव है, किसी की भी विक्री हो सकती है और कुछ भी बिक सकता है अगर वह थोड़ा भी कमाऊ है तो। हमारी सभ्यता, संस्कृति में लोक कल्याण के लिए धर्मशालाएं बनवाई जातीं रहीं, जलाशय निर्मित किए जाते रहे, श्मशान के लिए भूमियां दान की जाती रहीं हैं। लेकिन अब बदले परिवेश में श्मशान घाट में न केवल जबरिया कब्जा हो रहा है बल्कि जमीन भी बेची जा रही है। अब श्मशान घाट का पट्टा बन रहा है।

धार्मिक आस्था से जुड़े बाणगंगा स्थल के श्मशान घाट का भी पिछले दिनों पट्टा बन जाने से अब यहां अंत्येष्टियां नहीं की जा सकेंगी। जानकारी तो यह भी मिली है कि यहां जो चबूतरे मृतकों की निशानदेही के लिए बने हैं उन्हे भी तोड़ा जाएगा।



संभवतः यहां कोई व्यावसायिक परिसर या दूकाने निर्मित करा दी जाएंगी। बाणगंगा को धार्मिक स्थल मानकर यहां पर मृतकों की अंत्येष्टि करना और कुण्ड स्नान करना लोगों के लिए आत्मिक संतुष्टि प्रदान करता था। कई बार नगरपालिका ने इसके विकास के लिए योजनाएं भी बनाईं थीं। लेकिन अब यह संभव नहीं हो सकेगा। नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने बताया कि इस मामले में विधानसभा में भी मामला उठा था लेकिन चूंकि भूमि पट्टे की निकली इसलिए कोई लाभ नहीं हुआ।

### पट्टे की थी जमीन

बताया गया कि बाणगंगा के समीप जिस बाईपास हाइवे के किनारे श्मशान घाट था वह वर्षों पहले से किसी के पट्टे की भूमि थी। जिसका प्रकरण चला था, इस संबंध में पहले तहसील से प्रकरण संचालित किया गया और फिर इसका सीमांकन कर रजिस्ट्री करा दी गई और फिर पट्टा भी बनवा लिया गया। इस संबंध में विधानसभा में प्रश्न भी उठाया गया, लेकिन उसमें भी कोई लाभ नहीं हुआ। उसे पट्टे की भूमि माना गया है। अब इस पर किसी भी तरह की कोई प्रशासनिक कार्रवाई संभव नही हो सकेगी। इस भूमि को विक्री कर दिया गया है जिसे सोहागपुर के दो लोगों ने खरीद लिया है, इसका विधिवत सीमांकन कराया गया है और पट्टा बनवा लिया गया है। इस तरह वर्षों पुराना श्मशानघाट अब बंद कर दिया गया है।

### अंत्येष्टि की समस्या होगी

इस श्मशान के बंद हो जाने से बाणगंगा कालोनी, पटेल नगर और पुलिस लाइन के समीप रहने वालों के लिए मृतकों की अंत्येष्टि की समस्या उत्पन्न होगी। शव को कहां ले जाया जाए, यह सबसे पहले विचारणीय सवाल होगा। मुडन्ना घाट या बड़ी भीट का श्मशान तो शायद काफी दूर पड़ेगा। पूर्व में चर्चा थी कि शायद श्मशान के लिए भूमि छोड़ दी जाए या दान में दे दी जाए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ और भूमि स्वामी ने इसे बेचना अधिक लाभदायक समझा। इस घटना से यह भी एक सवाल लोगों को कचोट रहा है कि नगर की न जाने कौन सी भूमि किसके पट्टे की निकल जाए और श्मशान घाट बंद कर दिए जाएं। श्मशान के लिए सरकारी भूमियां प्रायः प्रयोग में लायी जाती रहीं हैं लेकिन अब तो सरकारी भूमियां भी खुर्द-बुर्द कर दिए जाने से श्मशान की समस्या सबसे बड़ी समस्या बन कर उभरेगी।

### श्मशान से परेशानी भी थी

श्मशान से होने वाली असुविधाओं की ओर बाणगंगा मंदिर ट्रस्ट के कुछ अधिकारियों व पुजारी ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया था। उनका कहना था कि शवदाह के समय उसकी राख उडक़र मंदिर की ओर आती है, इसके अलावा शवदाह करने वाले लोग सीधे कुण्ड में आकर स्नान करते हैं और अपने अशुद्ध कपड़े मंदिर के आसपास रख देते हैं। वे वहां स्थित हैण्डपंप का उपयोग करते हैं। राखफूल मंदिर के समीप पीपल पर टांग देते हैं, इससे मंदिर की पवित्रता भंग होती है। हालांकि ट्रस्ट के इन विन्दुओं की ओर प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया था और ट्रस्ट ने भी जोरदार ढंग से विरोध नहीं किया था और वर्षों से यही चल रहा था। अंततः श्मशान की समस्या ही समाप्त हो गई।

### नगर पालिका के पास भी समस्या

श्मशान घाट बनाए जाने के संबंध में नगरपालिका से कुछ मदद मिल सकती थी, लेकिन उसके पास भी ऐसी जगह नहीं है कि जहां श्मशान बनाया जा सके। क्योंकि नगर के अंदर श्मशान घाट विकसित नहीं किया जा सकता है, ले-देकर केवल बड़ी भीट और घरौला तालाब ही अब श्मशान के लिए शेष हैं, इसके अलावा शांति वन बुढ़ार रोड ही अंतिम संस्कार का एक मात्र सहारा है। उधर गल्ला मण्डी, बाजार, पाण्डवनगर के लिए हनुमान घाट मुडन्ना नदी का सहारा है तो पुरानी बस्ती के लिए पंचगाव रोड स्थित श्मशान का सहारा है। हालांकि कल्याणपुर रोड पर भी मुडन्ना नदी पर एक श्मशान घाट है जहां नगरपालिका ने शेड बनवाए थे, बाउण्ड्रीवाल और हैण्डपंप की व्यवस्था की थी, लेकिन इसका भी एक हिस्सा कब्जा कर लिया गया है। समस्या तो वही भूमि हथियाने की ही है।

# 24 घंटे के भीतर वाहन चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिले की ब्यौहारी पुलिस ने चोरी की गई बोलेरो गाड़ी को 24 घंटे के भीतर बरामद कर लिया है। इस घटना में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया है, इस मामले में कुल 6 लाख रुपये का मशरूका भी जप्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी महेन्द्र द्विवेदी जो कि उमरिया जिले के ग्राम बरा के निवासी है, अपने ड्रायवर पवन कुशवाहा के साथ न्यायालय पेशी के लिए सीधी गए थे। पेशी के बाद जब वे खामघाटी में चाय पीने के लिए रुके, तो वहां खड़े 4-5 लोगों ने उनसे पूछा कि वे कहां जा रहे हैं। महेंद्र ने बदमाशों को बताया कि हम मानपुर जा रहे हैं तो, बदमाशों ने कहा कि हमें भी ले चले। बातचीत में फरियादी ने उन्हें अपनी बोलेरो गाड़ी में बैठा लिया। जैसे ही गाड़ी बेडऱा जंगल में पहुंची, दो आरोपियों ने पेशाब करने के बहाने गाड़ी रुकवाने का आग्रह किया। जैसे ही फरियादी और उनके ड्रायवर गाड़ी से बाहर गए, आरोपियों ने गाड़ी स्टार्ट कर भागने में सफलता हासिल कर ली। इस घटना के बाद महेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस थाना ब्यौहारी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया। पुलिस अधीक्षक ने प्रकरण को गंभीरता से लिया और थाना प्रभारी ब्यौहारी को अज्ञात आरोपियों की तलाश के लिए निर्देशित किया। थाना प्रभारी ने दो टीमों का गठन कर लगातार जांच की। मुखबिर द्वारा मिली जानकारी के अनुसार सभी आरोपी ग्राम खाम एवं आस-पास के क्षेत्रों के रहने वाले है। पुलिस ने सक्रियता से छापेमारी की और आरोपी विकास सिंह उर्फ रोहित सिंह गोंड उम्र 19 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर इस अपराध को अंजाम दिया था।

थाना प्रभारी ने बताया हमने इस मामले को गंभीरता से लिया और हमारी प्राथमिकता थी कि गाड़ी और आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। हमें खुशी है कि हम 24 घंटे के भीतर सफल रहे। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी ब्यौहारी अरूण पाण्डेय एवं अधीनस्थ स्टाफ उपनिरीक्षक कपिल कांत तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक राजेन्द्र द्विवेदी, गया प्रसाद कन्नौजे, प्रधान आरक्षक नरेन्द्र उपाध्याय, आरक्षक अमृत यादव, संजय द्विवेदी, गंगा सागर गुप्ता, विवेक सूर्या, मोहम्मद अहमद की भूमिका रही है ।



### 52 बच्चों का किया गया क्लबफुट उपचार एवं आपरेशन

**शहडोल।** राज्य शासन द्वारा संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत 0 से 18 तक बच्चों का आर.बी.एसए. के टीम द्वारा क्षेत्रों में भ्रमण कर उन्हें चिन्हित कर जन्मजात विकृति की पहचान कर उनका उपचार अनुबंधित अस्पतालों में निःशुल्क उपचार एवं शल्य क्रिया करायी जाती है। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.राजेश मिश्रा के निर्देशन में आर.बी.एस.के की विकासखण्ड स्तरीय टीम सतत रूप से कार्य कर रही है और इनके सफल क्रियान्वयन के कारण जिले में 02 वर्ष से 18 वर्ष तक के कुल 52 बच्चों का क्लबफुट उपचार एवं आपरेशन वर्ष 2024-25 में कराकर जिले को क्लबफुट मुक्त जिला बनाया गया है। उक्त कार्य में डॉ. अरविन्द अम्बेडकर अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ. सुप्रिया शिशु रोग विशेषज्ञ जिला चिकित्सालय, आर.बी.एस. के. चिकित्सक दल के सहयोग से वर्ष 2024-25 में जिले को क्लबफुट मुक्त किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाईक से युवक गिरा, ट्रक ने कुचला, मौत

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के गुरा घाटी में सडक़ हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तीन युवक घोरसा गांव से बाईक में सवार हो कर ब्यौहारी जा रहे थे, तभी अचानक सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और पीछे बैठे संतोष चर्मकार उम्र 32 वर्ष सडक़ पर गिर गए। तभी पीछे से आ रहे एक तेज़ रफ्तार ट्रक ने संतोष को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जब ट्रैक्टर ने बाइक को ठोकर मारी तब बाइक अनियंत्रित हो गई और बाइक पर बैठे तीनों युवक इधर-उधर गिर गए, लेकिन पीछे बैठा संतोष सडक़ के बीचों-बीच गिर गया, इस दौरान पीछे से आ रहे ट्रक ने संतोष को कुचल दिया, ट्रक चालक जब तक कुछ समझ



पाता जब तक देर हो चुकी थी और ट्रक का पहिया संतोष के ऊपर चढ़ चुका था।

### इनका कहना है...

जानकारी मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई थी। हमने दुर्घटनास्थल से दोनों वाहन, ट्रैक्टर और ट्रक, जप्त कर थाने में खड़ा कर दिया है। जांच जारी है और सभी संबंधित पक्षों से बयान लिए जा रहे हैं।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

### शासकीय भूमि से प्रशासन ने हटाया अतिक्रमण



**शहडोल।** जिले के जैतपुर के साखी गांव में शासकीय विद्यालय की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण के खिलाफ प्रशासन ने ठोस कदम उठाया है। तहसीलदार अर्चना मिश्रा और नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में तीन एकड़ से अधिक शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया। खबर है कि कुछ लोगों ने विद्यालय की शासकीय भूमि पर कच्चे मकान और बड़ी बाउंड्री का निर्माण कर लिया था। इस अतिक्रमण की जानकारी सबसे पहले विद्यालय के प्राचार्य और स्थानीय निवासियों ने तहसील कार्यालय में दी थी। शिकायत के आधार पर प्रशासन ने इस मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल कार्रवाई की योजना बनाई। शासकीय भूमि का संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। हम किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं करेंगे, तहसीलदार अर्चना मिश्रा ने कहा कि हमने स्थानीय लोगों की शिकायत पर तेजी से कार्रवाई की। नायब तहसीलदार शिवकुमार सिंह ने कहा कि यह कार्रवाई उन लोगों के लिए चेतावनी है, जो सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था। जेसीबी की मदद से अतिक्रमण को हटाने का कार्य पूरा किया गया, जिससे शासकीय भूमि को फिर से उपलब्ध कराया जा सका। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि हमारे गांव की भूमि पर अवैध कब्जा करना गलत था और अब जब प्रशासन ने कार्रवाई की है तो, हम सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह हमारी और आने वाली पीढ़ियों की शिक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि कुछ स्थानीय लोग इस कार्रवाई को लेकर असंतोष जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने पहले से स्थानीय निवासियों से बातचीत की होती तो, शायद स्थिति को संभाला जा सकता था।

### इनका कहना है...

हमारा उद्देश्य शासकीय संपत्ति की रक्षा करना है और हम आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखेंगे।

**अर्चना मिश्रा**
**तहसीलदार, जैतपुर**

# श्रीराम कथा को सुनने श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**शहडोल।** नगर के शुभम पैलेस में मनोज टीवीएस परिवार के द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीराम श्रीराम कथा में व्यास पीठ बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा अष्टम दिवस गुरुवार 27 मार्च को सीता खोज, रामेश्वरम स्थापना के प्रसंग का रसपान रोचक पूर्ण कराया गया।व्यास बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा सुंदर और सुमधुर सचित्र झांकी के साथ कथा का रसपान कराने से श्रोता मंत्र मुग्ध होकर नृत्य भी किए। कथा व्यास जी ने प्रभु श्रीराम के महिमा को बड़े विस्तार से संगीतमय सुनाया। श्रीराम कथा जैसे जैसे प्रभु श्रीराम के राजतिलक की ओर अग्रसर हो रहा है श्रीराम चरित मानस प्रेमियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। श्रीराम चरित्र मानस प्रेमियों का गुरुवार को भी बड़ी संख्या में शुभम पैलेस में कथा सुनने को जमावड़ा रहा।आज की कथा सुनने पूर्व विधायक प्रमिला सिंह, बाल कल्याण आयोग की मेघा पवार, वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गुप्ता सहित कई विशिष्ट जन पहुंचकर व्यासपीठ पर विराजमान आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर श्रीराम कथा का आनंद उठाया।



श्रीराम कथा के व्यास आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज ने अष्टम दिवस की श्रीराम कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि श्रीराम जी जब सीता माता की खोज में लंका के किनारे पहुँचे तो वहाँ रास्ते में विशाल समुद्र उनका मार्ग रोक लेता है,रामजी समुद्र देव से रास्ता माँगने के लिए उनका पूजन करते हैं और जब समुद्र देव रास्ता नहीं देते तो श्री राम क्रोधित होकर अपना धनुष तक उठा लेते हैं। कथा वाचक आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य ने बताया कि रामेश्वरम भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, यह मंदिर देश के चार धामों में से एक है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में दर्शन करने से शिवजी और श्रीराम की दोनो की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि सीता माता के खोज के दौरान भगवान श्रीराम ने रामेश्वरम में यह प्रसिद्ध शिवलिंग स्थापित किया था। व्यास पीठ आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा सीता खोज, रामेश्वरम स्थापना आदि की महिमा का सुंदर वर्णन बहुत ही रोचक और सरल स्वरूप में किया गया। कथा व्यास ने आज के प्रसंग में बताया कि रावण द्वारा जानकी का हरण करने के पश्चात विभीषण राम की शरण में चला जाता है। सीता की खोज करते हुए बाली-पुत्र अंगद रावण के दरबार में पहुंचकर अपनी शक्ति का परिचय देते हुए दरबार में अपना पैर जमा लेता है। जब कोई भी शूरवीर अंगद के पैर को नहीं हिला सका तो रावण स्वयं अंगद का पैर हिलाने के लिए उठते हैं।इस पर अंगद रावण को श्रीराम के पैरों में पडक़र माफी मांगने की सलाह देते हैं। मेघनाथ से युद्ध होने पर लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं आदि के प्रसंग को विस्तार पूर्वक सुनाया गया। श्रीराम कथा में महाराज जी के साथ संगीत मंडली ने सु-मधुर कर्ण प्रिय भजनों की मनमोहक प्रस्तुति ने पूरे परिसर को भक्ति से सराबोर कर दिया। अष्टम दिवस की श्रीराम कथा के प्रारंभ में मुख्यश्रोता बब्बीबाई गुप्ता एवं आयोजक मनोज टीवीएस परिवार के हनुमान प्रसाद, राजेश गुप्ता,मनोज गुप्ता, योगेश गुप्ता,हिमांशु गुप्ता,शिवांश गुप्ता एवं अक्षत गुप्ता ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यासपीठ का पूजा अर्चना किया। कथाव्यास आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य ने स्वागत पश्चात श्रीराम कथा में सीता खोज, रामेश्वरम स्थापना की महिमा के प्रसंग का रसपान श्रोताओं को कराया गया। कथा में भजनों की मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। आचार्य बद्री प्रपन्नाचार्य द्वारा मनोज गुप्ता परिवार के गुरुजी स्वामी रामकृष्ण आचार्य के सानिध्य में कथा के मुख्य यजमान बब्बीबाई गुप्ता सहित श्रोताओ को यह श्रीराम कथा का पुण्य लाभ 29 मार्च तक मिल सकेगा।

### लंबे भटकाव के बाद देवी को न्यायालय में मिला न्याय




**बुढ़ार।** लगभग 3 वर्ष पूर्व धनपुरी क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले देवी प्रसाद अग्रवाल ने 22 लाख रूपये देकर जमीन का अनुबंध किया था, लेकिन कलेक्टर की अनुमति के बाद विक्रेता की नीयत बदल गई, न तो उसे रूपये लौटाये गये और न ही जमीन की रजिस्ट्री की गई, जिंदगी भर की जमा पूंजी भू-स्वामी उमेश विश्वकर्मा के द्वारा हड़प लिये जाने के बाद देवी प्रसाद का परिवार जिंदगी के उस दो राहे पर खड़ा था, जहां से उसे कहीं भी रोशनी नजर नहीं आ रही थी। बीते दिवस बुढ़ार न्यायालय के व्यवहार न्यायाधीश ऋषभ विश्वकर्मा के आदेश के बाद न सिर्फ 22 लाख रूपये मिले, बल्कि न्यायालय ने निर्धारित ब्याज सहित उमेश विश्वकर्मा को 28 लाख 50 हजार रूपये पीड़ित को देने का आदेश दिया। देवी प्रसाद अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि माननीय न्यायाधीश ने पूरा परिवार को गर्त में जाने से बचा लिया, उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ता सतेन्द्र शुक्ला और माननीय न्यायाधीश सहित वर्तमान न्याय प्रणाली पर खुशी जताते हुए साधू प्रेषित किया है।

### यह था मामला

अधिवक्ता सतेन्द्र शुक्ला की ओर से उक्त मामले की पैरवी की जा रही थी, इस संदर्भ में बताया गया कि उमेश विश्वकर्मा ने वर्ष 2021-22 में देवी प्रसाद अग्रवाल को भू-खण्ड बेचने का अनुबंध किया और फिर कलेक्टर न्यायालय में विक्रय अनुमति का आवेदन लगाया, इस दौरान विक्रय अनुमति मिलने के बाद उमेश की नीयत बदल गई और उसने रजिस्ट्री कराने से इंकार कर दिया, उमेश ने देवी को पैसे देने से भी इंकार कर दिया, जिस कारण यह मामला थाने और अन्य स्थानों में शिकायतों में उलझ गया, इस मामले में पूर्व में भी माननीय न्यायालय की शरण ली गई थी, जिसमें दिनांक 8 अप्रैल 2022 को तत्कालीन माननीय न्यायाधीश ने देवी प्रसाद अग्रवाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए 24 लाख 50 हजार रूपये एक मुश्त पीड़ित को देने का आदेश जारी किया, लेकिन उमेश ने रूपये देने से इंकार करते हुए टाल-मटोल शुरू कर दी। न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड बुढ़ार माननीय ऋषभ दीक्षित ने सुनवाई के उपरांत दिये ओदश के बाद 27 मार्च को 28 लाख 50 हजार रूपये माननीय न्यायालय में जमा कराये गये।

## ...तो भगवान विश्वकर्मा ने किया सड़क निर्माण !

# ग्राम पंचायत सुखदास में जिम्मेदारों ने किया गजब का कारनामा

### उपयंत्री को नहीं दिखी खामी, भ्रष्टाचार को मिल रहा प्रश्रय

ग्राम पंचायत स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार पर किसी का ध्यान नहीं जा रहा, ग्राम पंचायतों की योजनाओं में बड़ी संख्या में घोटाले होते हैं, जिनकी न तो सही जांच होती है और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई ही होती है, पंचायतों में सरकारी धन के दुरुपयोग के कई मामले सामने आए हैं, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी ने भ्रष्टाचार को प्रश्रय दे रखा है।




**शहडोल।** सरकार की तमाम सख्ती के बावजूद ग्राम पंचायतों में फर्जीवाड़ा और घोटाला थमने का नाम नहीं ले रहा है, अक्सर ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों में घोटाले की खबरे सामने आती रहती है, ग्रामीण क्षेत्रों की भोली-भाली जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधि अर्थात सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और उपयंत्री द्वारा निर्माण कार्यों में तकनीकि मापदण्डों एवं कायदों की खुलकर धज्जियां उड़ाई जा रही है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्यवाही न होना कहीं न कहीं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

### उपयंत्री ने नहीं जताई आपत्ति

सुखदास पंचायत में सुंदरलाल जायसवाल के घर से सोनिया पाल के घर तक वर्ष 2023 में सीसी सडक़ स्वीकृत हुई थी, इस सडक़ निर्माण के लिए 6 लाख निर्धारित किया गया था। इसमें 5 लाख रुपए निर्माण सामग्री पर व्यय होना था और 01 लाख रुपए मजदूरी पर व्यय किए जाने का प्रावधान किया गया था। ज्ञात हुआ है कि निर्माण सामग्री पर 4 लाख 24 हजार 375 रूपये व्यय कर दिये गये, लेकिन उपयंत्री, एसडीओ सहित जनपद के मुखिया को यह विसंगति नजर नहीं आई कि मजदूरी पर एक रूपये भी सरपंच-सचिव ने व्यय नहीं किया, कुल मिलाकर मजदूरो का हक तो जहां मारा गया, वहीं आज भी यह सडक़ अधूरी हैं।

### भगवान आकर पुलिया बना गये साहब

सुखदास ग्राम पंचायत में 6 लाख की सडक़ निर्माण में गजब का कारनामा पंचायत द्वारा किया गया है, मजे की बात तो यह है कि उक्त सडक़ निर्माण में मजदूरों ने काम तक नहीं किया और सडक़ का निर्माण हो गया, संभवतः उपयंत्री द्वारा मूल्यांकन कर दिया, लेकिन उन्होंने इस बिन्दु पर किसी प्रकार की प्रतिवेदन जनपद के मुखिया को नहीं दिया। मजदूरी पर 01 लाख रूपये व्यय किया जाना था, लेकिन मजदूरों के नाम कोई व्यय नहीं दर्शाया गया है। उक्त निर्माण कार्य में अभी इंटर प्राइजेज और मुकेश इंटर प्राइजेज को भुगतान हुआ है, खबर है कि उक्त फर्म धरातल पर मौजूद नहीं है, सुखदास पंचायत में एक अर्से से नियमविरुद्ध ऑफ रिकार्ड ठेका पद्धति चल रही है।

### चहेतों को बांट दी रेवड़ी

ग्रामीणों ने धांधलियों की सदैव शिकायत की, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। मानपुर जनपद की लगभग पंचायतों में हुए निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो, अधिकांश कार्य गुणवत्ताविहीन ही पाए जाएंगे, लेकिन न तो उपयंत्रियों को इससे कोई मतलब है। इस पंचायत में भी अधिकांश कार्य आज तक अपूर्ण पड़े हुए हैं। केवल बजट का दुरुपयोग किए जाने और अपनी तिजोरी भरने के अलावा पंचायत में कुछ नहीं हो रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ भी सचिव रेवड़ी की तरह अपने चहेतों को बांट रहे हैं। जो कि सरासर नियम विरुद्ध है।

### इनका कहना है...

जिस निर्माण कार्य की आप बात कर रहे हैं, इस निर्माण के दौरान सत्यदेव त्रिपाठी सचिव पंचायत में पदस्थ थे, आप उनसे एवं सरपंच जी से बात कर लीजिए।

**उमेश कुमार चतुर्वेदी**
**रोजगार सहायक**
**ग्राम पंचायत, सुखदास**

मजदूरी भुगतान तो होना चाहिए, हालाकि मुझे इसकी जानकारी नहीं है, जल्द ही जानकारी लेकर मैं आपसे बात करता हूं।

**अनिल तिवारी**
**उपयंत्री**
**जनपद पंचायत, मानपुर**

---

## 200 तीर्थ यात्री वाराणसी काशी तथा आयोध्या के लिए हुए रवाना

# जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों का फूल माला से किया स्वागत






**उमरिया।**

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत उमरिया जिले से 200 तीर्थ यात्रियों का जत्था स्पेशल ट्रेन से वाराणसी काशी आयोध्या के लिए रवाना हुआ। तीर्थ यात्रियों का स्वागत गाजे बाजे एवं पुष्प वर्षा के साथ किया गया। तीर्थयात्रियों को छोडऩे आये उनके परिवार जन आए हुए थे। रेल्वे स्टेशन में उत्साह का वातावरण रहा। जिला प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों को किसी तरह की असुविधा का सामना नही करना पड़े , इसके लिए राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों के अमले को रेल्वे स्टेशन में तैनात किया गया था । सभी यात्रियों को परिचय पत्र वितरित किए गए तथा स्टेशन में स्वल्पाहार भी कराया गया । रेल्वे स्टेशन उमरिया में सायं 6 बजे से तीर्थ यात्रियों की टिकट आने लगी। टिकट वितरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग काउंटर की व्यवस्था की गई थी, ताकि तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नही करना पड़े। इसके साथ ही तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए हर कोच में अनुरक्षकों की भी डयुटी लगाई गई थी, ताकि आवश्यकता पडऩे पर उनका सहयोग लिया जा सके । तीर्थयात्री सुरेन्द्र कुमार पटेल निवासी पाली, मोहनलाल महोबिया उमरिया, गुन्नाराम अमरानी विकटगंज, प्रेम नारायण बर्मन विकटगंज, मुकेश गुप्ता निवासी पाली, उमा बाई नमदेव निवासी मानपुर, उमा गुप्ता निवास उमरिया तथा तुलसा गुप्ता के साथ गये सुनील अग्रवाल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार की अच्छी योजना है। सरकार ने बुजुर्गो को ध्यान मे रखते हुए मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का संचालन किया है। उनका कहना था कि आर्थिक अभाव के कारण तीर्थ पर नही जा पाते थे, लेकिन हमारे इस सपनें को प्रदेश सरकार ने पूरा लिया है । यह योजना बुजुर्गो के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, तहसीलदार बांधवगढ सतीश सोनी, जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल, मिथिलेश पयासी, विनय मिश्रा, धमेन्द्र गुप्ता, दीपक छत्तवानी, पार्षद सविता सोधियां, नीतू सिंह, सुमित गौतम, सुशील गैतम, आशीष राय, दीपक गुप्ता, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, बडी संख्या में तीर्थ यात्री एवं उनका परिवार, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



## तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष ने सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी

**उमरिया**

प्रदेश सरकार के तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष रवि करण साहू ने ग्राम चिल्हारी में आम जनों से मुलाकात कर प्रदेष सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रविकरण साहू ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने से जनता की जिंदगी में बदलाव आया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को पक्की छत मिली है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ दिया जा रहा है। महिलाओं को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत हर माह 1250 रूपये उनके खातों में अंतरित किए जा रहे है, जिसका उपयोग महिलाएं अपनी दिनचर्या के कार्यो में कर रही है। इस अवसर पर कान्हा चतुर्वेदी, मौजीलील चौधरी, विकास श्रीवास्तव, दिनेश कोल, भागवत द्विवेदी शुभम् त्रिपाठी, अंकित पयासी,रामप्रसाद साहू,रामदीन साहू, अन्नपूर्णा सोनी,नत्यू काछी, मुन्ना चौधरी ,रंजन चतुर्वेदी,विनय चतुर्वेदी चन्दिका पटेल, सहित भारी संख्या पर ग्रामीण क्षेत्रीय जन उपस्थित रहें।

---

## प्राकट्य पर्व के लिए स्वच्छता निरीक्षण नोडल अधिकारी नियुक्त

**उमरिया।** श्रीराम जन्मोनत्सव के अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुति प्राकट्य पर्व कार्यक्रम 6 अप्रैल को मंगल भवन परिसर में आयोजित किया गया है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने नारायण दुबे स्वच्छ ता निरीक्षक नगर पालिका उमरिया को जिला प्रशासन की ओर से गतिविधि के समन्वय एवं संवाद के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है । नोडल अधिकारी संस्कृति संचालनालय भोपाल से संपर्क कर कार्यक्रम के सफल संचालन कराने हेतु जिम्मेंदार होगे ।

## जिला जेल का न्यायिक मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** जिला जेल उमरिया का न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उमरिया सरफराज खान न्यायाधीश द्वारा जेल का निरीक्षण किया एवं विधिक साक्षरता शिविर में शामिल हुए। न्यायाधीश द्वारा बैरक में जाकर बंदियों के कपडे, बिस्तर टेलीविजन, सा?-सफाई, आंटा चक्की एवं इनकमिंग टेलिफोन सुविधा तथा पाकशाला में भोजन तथा स्वरोजगार प्रशिक्षण, सिलाई कार्य का अवलोकन किया गया । इस अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया तथा बंदियों को जेल में अच्छा आचरण रखने पर खुली जेल में सजा भुगतने का प्रावधान के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला एड्स नियंत्रण समिति नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के संयुक्त निर्देशन में 31 बंदियों के एचआईव्ही , सिफलिस एवं टीबी की स्क्रीनिंग कर जाँच की गई। शिविर में शिवांशु कुमार सिंगौर, प्रियंका यादव परामर्शदाता एवं अनुज रजक लैब टेकनीशियन एवं नितेश लखेरा समन्वयक पी.पी. एम. तथा मेलनर्स कनिका रामपाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक डी. के. सारस, जेलर उप अधीक्षक माखन सिंह मार्को, जेल चिकित्सक एस.के. जैन, वारंट शाखा प्रभारी प्रहरी मोहम्मद शारिब एवं ब्यूटीरत मुख्य प्रहरी तथा जेल के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## करों की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार में छूट का लाभ उठायें

**उमरिया।** नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को 31 मार्च 2025 तक जारी रखने के निर्देश दिये गये है । मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह ने नगर के समस्त नागरिकों से कहा है कि नगर पालिका कार्यालय में जलकर, सम्पत्तिकर, उपभोक्ता प्रभार एवं अन्य करों की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार में छूट का लाभ उठावें । उन्होने बताया कि नगर पालिका कार्यालय 31 मार्च 2025 तक अवकाश दिवसों में भी खुला रहेगा। सभी बकायादार उक्त दिवसों में कर की राशि जमा कर अधिभार से छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है ।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर भाजपा मंडल ने वितरण किये फल और मिठाई



**बिजुरी।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बिजुरी में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कुडुकु दफाई अर्जुन घाट में फल बिस्किट मीठा ब्रेड वितरण का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी मंडल बिजुरी एवं नगरपालिका बिजुरी द्वारा किया गया जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा (रिंकू) नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती सहबीन पनिका,पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, पुरूषोतम देवानी, वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती अन्नू देवी, वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती कलावती सिंह, वरिष्ठ नेता दारा सिंह, राजकुमार पांडे, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर कैलाश कोल, विभूति नारायण मिश्रा, डॉ शुभाशीष सरकार, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव, संजय यादव, ओमकार केवट, रोशन मिश्रा, राहुल पनिका, राजा, पाटकर, ओमप्रकाश महरा, बिनोद नामदेव, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष गणेश महारा, वरिष्ठ नेता के पी शुक्ला, शिंपू पांडे, रुक्मणि चक्रवर्ती, पंकज पांडे, सूरजभान, नगरपालिका लखन पनिका एवं बिजुरी में निवासरत समस्त कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दिया जा रहा परियोजना स्तरीय प्रशिक्षण



**कोतमा।**

महिला एवम बाल विकास विभाग कोतमा में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनोद परस्ते के नेतृत्व में परियोजना स्तर पर पोषण भी पढ़ाई भी का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्रीमती चिन्ती घोरमारे तथा सीमा सिंह भलावी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 6 दिवसीय है। प्रशिक्षण दो बैचों में दिया जा रहा है। प्रथम बैच 24 मार्च से 26 मार्च तक तथा दूसरा बैच 27 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है। प्रथम बैंच में 109 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोर्स डायरेक्टर मास्टर ट्रेनर चीन्ती घोरमारे द्वारा बताया गया कि पोषण की पढ़ाई भी शुरुवात केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी द्वारा किया गया था। इसका सम्बन्ध मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण से है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बच्चो को पोषण के साथ साथ शिक्षा भी प्रदाय किया जाना है। जिसके माध्यम से बच्चो की आधारशिला, नीव और नवचेतना का विकास होगा इसे साकार करने हेतु आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि जमीनी स्तर पर कार्य हो सके।

## सीईओ ने वाटर शेड परियोजना का किया निरीक्षण



### जल संरचनाओं में वर्षा के पानी की आवक बनाने तथा वृक्षारोपण की तैयारी के दिए निर्देश

**उमरिया।** सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी ने जनपद पंचायत करकेली के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना वाटरशेड परियोजना क्रमांक 01 एवं 02 में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सीईओ जनपद पंचायत ने ग्राम उरदानी , खालेकठई, गिंजरी में खेत तालाब तथा आंगनबाडी केंद्र 25 नरवार का निरीक्षण किया।

उन्होनें ग्रामीणों के साथ बैठकर जल संरक्षण संवर्धन एवं प्रबंधन की चर्चा की तथा पानी की एक एक बूंद बचानें की समझाईश दी। सीईओ ने वाटरशेड परियोजना के परियोजना अधिकारी एवं क्रियान्वयन दल के सदस्यों को निर्देश दिए कि जहां भी जल संरचना बनाई जाए, वहां पानी के आवक की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। पानी के आवक के मार्ग मे पडऩे वाले अवरोधों का समुचित उपचार किया जाए। जून माह में होने वाले वृक्षारोपण के लिये स्थाल चयन, गढ्ढो की खुदाई तथा रोपित किए जाने वाले पौध की आवश्यकता का आंकलन कर नर्सरी की व्यवस्था भी की जाए। निरीक्षण के समय वाटरशेड परियोजना से जुडा अमला उपस्थित रहा ।

## तीन दिवसीय पोषण में पढ़ाई परियोजना स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**भालूमाड़ा।** महिला बाल विकास विभाग परियोजना अनूपपुर के द्वारा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण में पढ़ाई भी परियोजना स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बदरा के एसईसीएल सामुदायिक भवन में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 24 मार्च को प्रारंभ किया गया जिसका समापन 26 मार्च को किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला बाल विकास अनूपपुर परियोजना की जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती सीमा गांजो, सेक्टर सुपरवाइजर गिरजा परस्ते, श्रीमती सीमा सिंह, बीनू द्विवेदी, श्रीमती श्यामा को कुशवाहा एवं विजय शर्मा के अलावा प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षक उपस्थित रहे। तीन दिवसीय आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में 104 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं प्रशिक्षण हासिल की प्रशिक्षण हासिल करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं अब आगे सरकार के इस अभियान को जमीनी स्तर पर लेकर जाएगी। पोषण के साथ बच्चों को किस तरह से पढ़ाई करनी है इसको लेकर कार्यकर्ताओं ने अनुभव हासिल किया।

## अर्ध विक्षिप्त युवती को अमरकंटक पुलिस ने घर तक सकुशल पहुंचाया

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के पुलिस थाना द्वारा 25 मार्च को अपने नियत अमरकंटक नगर कस्बा पेट्रोलिंग के दौरान जैन मंदिर तिराहा में एक अर्ध विक्षिप्त बालिका इसका नाम पूजा यादव बताया जाता है जैन मंदिर तिराहा से छत्तीसगढ़ के पेंड्रा रोड अकेले पैदल जाती हुई दिखी पूछे जाने पर कुछ भी स्पष्ट नहीं बता पा रही थी बहुत मुश्किल से प्रयास करने पर सिर्फ पूजा भर बता रही थी अपना सही नाम पता बता पाने में असमर्थ थी उपरोक्त बालिका के परिजनों के संबंध में बहुत ही स्नेह दुलार प्यार अपनत्व के भाव के साथ पुलिस स्टाफ ने आत्मीयता काफी मेहनत करने बालिका ने किसी तरह वार्ड क्रमांक 13 टिकरी टोला अमरकंटक का होना बताया तब पुलिस ने संतोष की सांस लेकर उसे उसके घर माता-पिता के पास सकुशल सुपुर्द किया। अर्ध विक्षिप्त बालिका पूजा यादव से लगन एवं मेहनत कर जानकारी ले परिजनों के सुपुर्द किए जाने के कार्य में सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव के साथ आरक्षक अमलेश बघेल मनोज धुर्वे तथा महिला आरक्षक खुशबू डाबर के द्वारा उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य किया गया इससे पुलिस के मानवीयता नया चेहरा तथा उदाहरण देखा गया इससे अमरकंटक नगर में पुलिस के कार्यों की सराहना की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने गठित किया वसूली दल

**कटनी।** मप्र शासन के अनुसार नेशनल लोक अदालत में संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार के मात्र अधिभार (सरचार्ज) में दी गई छूट को 25 से 31 मार्च तक जारी रखते हुये अधिक से अधिक बकाया राशि वसूल किया जाना है। जिसके अनुपालन में निगमायुक्त नीलेश दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति तक नगर निगम सीमान्तर्गत वार्ड क. 01 से 45 तक के सभी बकायादारों से प्रतिदिन सम्पर्क करते हुये बकाया राशि जमा कराने हेतु दल प्रभारी बनाते हुए वसूली दल का गठन किया है। श्री दुबे ने गठित दल के अधिकारी, कर्मचारी को अपने वर्तमान दायित्वों के साथ-साथ आपस में समन्वय बनाते हुए प्रतिदिन वार्डों का भ्रमण कर बकायादारों से अधिक से अधिक सम्पर्क करते हुये बकाया सम्पत्तिकर,जलकर राशि जमा कराने एवं सभी दल प्रभारियों को वसूली कराये जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही वसूली कार्य में किसी प्रकार की समस्या आने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक से सम्पर्क करते हुये समस्या का त्वरित निराकरण कराये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

### राशन दुकान जाकर हितग्राही ई-केवाईसी जल्द करा लें

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में कुल 9 लाख 54 हजार 151 हितग्राहियों की ई-केवायसी की जाना है। किन्तु जिले में मात्र 79 प्रतिशत हितग्राहियों द्वारा ई-केवायसी कराई गई है। जिन हितग्रहियों द्वारा अभी तक ई-केवायसी नहीं कराई गई है, ऐसे हितग्राहियों से अपील की जाती है कि वह अपनी नजदीकी राशन दुकान में जाकर 31 मार्च के पूर्व ई-केवायसी कराना सुनिश्चित करें।

### 31 मार्च तक किसान भाई करा सकेंगे पंजीयन

**कटनी।** जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत गेहूं उपार्जन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जो 05 मई 2025 तक जारी रहेगी। भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है, जिसमें राज्य शासन द्वारा 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस दिए जाने से किसानों को कुल 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के किसानों की सुविधा एवं सुरक्षित भंडारण और परिवहन की सुगमता को ध्यान में रखते हुए जिले में कुल 85 उपार्जन केंद्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें से 72 उपार्जन केन्द्र बना दिये गए है तथा शेष की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। एमपी ई-उपार्जन पोर्टल के अनुसार समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय हेतु जिले में कुल 36 हजार 977 किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसका कुल रकबा 81260.11 हेक्टेयर है। इनमें तहसील बहोरीबंद के 7936, ढीमरखेड़ा के 6071, रीठी के 4683, विजयराघवगढ़ के 4530, बड़वारा के 3804, स्लीमनाबाद के 3314, बरही के 2527, कटनी नगर के 2075 और तहसल कटनी के 2039 किसान शामिल हैं। गेहूँ उपार्जन हेतु किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगें।

### सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया प्रचार कराने का कलेक्टर ने तहसीलदारों को दिए निर्देश

**कटनी** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें जन-सुनवाई एवं जन-संवाद कार्यक्रमों के दौरान पीएम किसान योजना के छूटे हुये पात्र हितग्राहियों की शिकायतों एवं आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए हितग्राहियों की सुविधा के मद्देनजर सैल्फ रजिस्ट्रेशन कराये जाने की प्रक्रिया का आम जनमानस में पर्याप्त प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर नें समस्त सैल्फ रजिस्ट्रेशन से प्राप्त आवेदनों को तहसीलदार आई.डी से समयसीमा में जांच कर नियमानुसार अनुमोदन की कार्यवाही करनें के निर्देश जिले के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए है। सेल्फ रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया हेतु सर्वप्रथम pmkisan.gov.in पर जाना होगा उसके पश्चात न्यू फार्मर रजिस्ट्रेशन पर क्लिक करके कृषक का आधार नंबर व यूनिक मोबाईल नंबर दर्ज करना होगा।

## 3 साल बाद भी नहीं पहुंचा घरों में पानी, भटक रहे हैं ग्रामीण क्षेत्र के लोग

# घर-घर पानी पहुंचाने की योजना हो रही फ्लाप

**ब्यौहारी-विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन जिसको जल शक्ति मंत्रालय द्वारा संचालित किया जाता है उसके तहत 2024 में घर-घर तक पानी पहुंचाना था लेकिन दो-चार गांव को छोड़ दिया जाए तो कहीं भी नल जल योजना चालू नहीं है**


ब्यौहारी



व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र मे बाणसागर का पानी पहुंचने के लिए 115 गांव के लिए योजना बनाई गई जिसमें पपौध क्षेत्र के 70 गांव के लिए तेजस कंस्ट्रक्शन एवं बाणसागर बुढ़वा क्षेत्र के 45 गांव के लिए एक दूसरी कंपनी द्वारा काम कराया जा रहा है जो 115 करोड़ की परियोजना लेकिन परियोजना शुरू होने के 3 साल बाद भी अभी तक लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा इन कंपनियों की लपरवाही पर कोई ध्यान देने वाला नहीं आज तक इन परियोजनाओं के तहत किन गांवो को शामिल किया गया है उसकी जानकारी कंपनियों द्वारा नहीं दी जा रही है 3 सालों व्यवहारी विधानसभा के अंतर्गत 115 गांव में से किसी गांव में भी पानी नहीं पहुंचा इसके अलावा जल जीवन मिशन और लोग स्वस्थ यंत्र की विभाग द्वारा कुछ योजनाओं को संचालित किया गया लेकिन एक-एक महीना चलने के बाद वहां भी नल जल योजनाएं बंद हो गई कुछ ऐसी योजनाएं है जो पंचायत के हैंडोवर हो चुकी है कुछ पंचायत में नल जल योजना पी एच ईडी स्वयं चला रही है पंचायत द्वारा चलाई जा रही योजना जो बंद है। ग्राम पंचायत खारपा के ग्राम देवराव, मंटोला,चरखरी,भमरहा प्रथम, पंचायत पसगडी ग्राम पंचायत बोड्डिहा ग्राम पंचायत सरवाही आदि हैंपीएचई डी की बंद योजनाएं- ग्राम पंचायत में मैरटोला गांव मंटोला देवगांव , ग्राम खारपा, विजहा बरहा टोला, बराछ, बरकछ,उपरी,बसही, जहां नल जल योजना या तो पूरी नहीं हुई या फिर बंद पड़ी हुई बार-बार समीक्षा बैठक लेकिन ठेकेदारों पर नहीं हुई कार्रवाई। जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक हफ्ते और महीना में होती रहती है लेकिन लापरवाही करने वले ठेकेदारों के खिलाफ आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई जिससे ब्लॉक मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक के अधिकारियों की मिली भगत खुलकर सामने आ रही ठेकेदारों से कमीशन लेकर के योजनाओं को कागजों में पूरा दिखा दिया जाता है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शीघ्र नल जल योजना पूरा कराए जाने की मांग की है क्षेत्र के सांसद एवं विधायक को भी कंपनियों पर दबाव डालकर शीघ्र पूरा करवाना चाहिए जिससे लोगों को घर-घर पानी मिल सके।ः इनका कहना है मैंने कंपनी 1 साल पहले छोड़ दी है मुझे जानकारी नहीं है । भंडारी प्रोजेक्ट मैनेजर एपीएल कंपनी बाणसागर।ः इस संबंध में जानकारी के लिए लोग स्वस्थ एवं उनके विभाग के कार्यपालन यंत्री एच एल धुर्वे को फोन लगाया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस संबंध में जानकारी के लिए लोक स्वास्थ्य विभाग के कार्यपालन यंत्री एच एल धुर्वे को फोन लगाया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया। इस संबंध में जानकारी के लिए पीएचईडी विभाग ब्यौहारी-के एसडीओ विजय केसरवानी को फोन लगाया लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया

### खटखारिया तालाब में निर्माण कर शुरू कराए जाने की मांग

## 2 साल से सौंदरीकरण का काम अधूरा



**ब्यौहारी** नगर परिषद के अंतर्गत एकमात्र तालाब जो पिछले दो सालों से सूखा पड़ा है तालाब के सौंदर्य करण के लिए तालाब को खाली कराया गया था पिछले साल अक्टूबर माह में सीधी संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा द्वारा सौंदरीकरण के लिए भूमि पूजन भी कराया गया अक्टूबर 2024 से 5 माह बीत जाने के बाद भी अभी तक सौंदर्य कर नहीं कराया जा रहा है नगर वासियों का कहना है कि नगर परिषद को इसमें शीघ्र सौंदरीकरण कराया जाना चाहिए उन्होंने कलेक्टर से शीघ्र तालाब का सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की है।

## आखिर कब बनेगी भाजपा की जिला कार्यकारी मंडल की कार्यकारिणी

**ब्यौहारी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष का ऐलान हुए महीना बीत गए लेकिन अभी तक नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी नहीं घोषित की जिसके कारण से जिला कार्यकारिणी में आने वाले दावेदारों को और प्रतीक्षा करना पड़ रहा है और कितना प्रतीक्षा करना पड़ेगा यह तो संगठन के लोग ही बता सकते हैं लेकिन जिला अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों की घोषणा हुई लगभग महीना बीत गए जिला कार्यकारिणी एवं मंडल कार्यकारिणी घोषित नहीं होने से कार्यकर्ताओं में असंतोष पैदा हो रहा है ऐसे कार्यकर्ता जो मंडल अध्यक्ष नहीं बन पाए वह जिला कार्यकारिणी में अपनी आस लगाए हुए हैं जिला कार्यकारिणी घोषित हो जाए तो मंडल प्रभारी मिल जाए और संगठन का काम चलने लगे इसी तरह से शहडोल जिले के ब्यौहारी- मंडल अध्यक्ष की घोषणा भी नहीं हुई जिससे लोग यह मानने लगे हैं कि व्यवहारी में भी मंडल अध्यक्ष रिपीट होंगे लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यवहारी में भी नया मंडल अध्यक्ष घोषित किया जाएगा जिला कार्यकारिणी की तरह मंडल कार्यकारिणी भी नहीं बन पा रही जो कहीं ना कहीं पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष भी पैदा हो रहा है क्योंकि जब कार्यकारिणी ही नहीं है तो संगठन का काम कौन करें कार्यकारिणी में स्थान मिल जाने से कार्यकर्ताओं को भी मनोबल मिलता है अब देखना या है कि जिला अध्यक्ष कब तक में अपनी कार्यकारिणी घोषित कर पाती हैं और बचे हुए मंडल की घोषणा कब होगी जो पार्टी अपने आप को विश्व की सबसे बड़ी पार्टी मानती है वह पार्टी अपनी जिला कार्यकारिणी भी घोषित नहीं कर पा रही है या फिर उसमें भी कांग्रेस कलर हावी हो रहा है की अध्यक्ष बने रह जाएंगे कार्यकारिणी घोषित नहीं हो पाएंगी या फिर उनको अभी और समय लगेगा।

# शिविर में स्वस्थ्य परीक्षण का आयोजन







**ब्यौहारी।** शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का इकाई स्तर शिविर के चौथे दिन शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण का कार्यक्रम कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सिविल अस्पताल ब्यौहारी के चिकित्सकों का दल पहुंचा, शिविर स्थल एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. अजीत पटेल चिकित्सक सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं डॉ. ए. पी. पटेल दंत चिकित्सक सिविल अस्पताल ब्यौहारी एवं टीवी विभाग की ओर से फरीक मोहम्मद और मनीष वर्मा जी पैथालाजी विभाग से रामफल रावत,सीएचओ मीरा साकेत, एएनएम श्यामकली साकेत उपस्थित हुए और उनकी टीम द्वारा ग्रामीणजनो और स्वयं सेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण से संबंधित कार्य किए गए। शिविर में पैथालॉजी विभाग द्वारा खून की जांच, बीपी और शुगर की भी जाँच की गई एवम उन्हें दवाइयां भी वितरित की गई। कार्क्रम के उपरांत राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आर पी कुशवाहा ने इस शिविर में उपस्थित सभी ग्रामवासियो और स्वास्थ्य टीम को धन्यवाद ओर आभार ब्यक्त किया। सायंकालीनसत्र में स्वयंसेवकों को भारतीय खेल जैसे ₹रूमाल झपट्टा₹, ₹बोलो भाई कितने₹ एवं ₹गणित प्रतियोगिता₹ आयोजित की गई जिसमें मानसिक संतुलन को परखा गया। संध्याकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र सिंह बैस, जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय ब्यौहारी, विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश प्रजापति, डॉ. संजय सिंह और डॉ. सुनील सिंह रहे एवं स्वयंसेवको द्वारा संध्याकालीन संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आर. पी. कुशवाहा एवं शिविर संचालक जितेंद्र तिवारी द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## शिक्षा ही हमारे देश के विकास की कुंजी, जिसे छात्र पूरे मनोयोग से ग्रहण करें : पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता

**डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल बुढ़ार में पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संरक्षक का किया गया भव्य आत्मीय स्वागत**



बुढार।

शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी कोयलांचल के एकमात्र सह-आवासीय विद्यालय डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल बुढ़ार में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संरक्षक उमाशंकर गुप्ता का शुभागमन हुआ, और उन्होंनें विद्यालयीन छात्रों को पूरे मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करनें प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर प्रदेश वैश्य महासम्मलेन अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष भगवान दास अग्रवाल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सन्देश जैन, प्रदेश महामंत्री एवं शहडोल सम्भाग प्रभारी पदम खेमका, जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मलेन जिला अनुपपुर हरिओम ताम्रकार, कार्यकारी जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मलेन अनुपपुर राकेश अग्रवाल, जिला अध्यक्ष वैश्य महासम्मलेन होशंगाबाद संजय शिल्पी, सोहागपुर क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं डी.ए.वी. अध्यक्ष छोटेलाल सरावगी, प्रदेश उपाध्यक्ष वैश्य महासम्मलेन पुष्पेन्द्र ताम्रकार, तहसील अध्यक्ष चन्द्रभान गुप्ता प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश संरक्षक उमाशंकर गुप्ता के साथ डी.ए.वी.विद्यालय में शुभागमन हुआ। विद्यालय के सभाकक्ष में विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया नें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया तथा अतिथियों के सम्मान में छात्रों ने सामुहिक स्वागत गीत से स्वागत किया।

इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री श्री उमाशंकर गुप्ता ने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहाकि -आप भावी कर्णधारों के मध्य उपस्थित होकर अत्यंत खुशी का एहसास कर रहा हूँ और यह बताना चाहता हूँ कि शिक्षा ही हमारे देश के विकास की कुंजी है, जिसे छात्र पूरे मनोयोग से ग्रहण करें और सभी छात्र अपने लक्ष्य को पानें के लिए निरन्तर प्रयत्न करें तथा अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों का सदैव सम्मान करें और उनकी सलाह को मानें। श्री गुप्ता नें छात्रों को प्रेरणा प्रदान करते हुये कहाकि - आप होनहार छात्र हैं अपने देश के लिए कुछ करनें का संकल्प लें और अपने देश की सेवा के लिए भी निरन्तर अग्रसर रहें।

विद्यालय के चेयरमैन सी.एल.सरावगी ने छात्रों को संबोधित करते हुये कहाकि - यह विद्यालय आपको शिक्षा के साथ-साथ जीवन के मूल्यों को भी सिखाता है, जो छात्र अपने जीवन में अनुशासन तथा समय का प्रबंधन एवं आत्मविश्वास को अपनाता है, वह निश्चित ही सफलता को पाता है, इसलिए जीवन में समय के कीमत को अवश्य समझें, बच्चे आजकल मैदान में खेलना छोड़कर मोबाइल में खेलना पसन्द कर रहें है जो उनके लिए बहुत ही खराब है, नित्य प्रतिदिन सुबह उठकर शारीरिक व्यायाम अवश्य करना चाहिए तभी स्वस्थ रह सकतें हैं और पढ़ने में आप लोगों का मन लगेगा, मोबाईल का कम से कम प्रयोग करें।

डी.ए.वी. विद्यालय के प्राचार्य विनय मोहन उरमलिया ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत करते हुए कहाकि - अत्यन्त ही गौरवशाली एवं सौभाग्यवान हैं कि प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री जी एवं अतिथियों का विद्यालय में शुभागमन हुआ, यह गौरवपूर्ण है।

श्री उरमलिया नें बताया कि - यह विद्यालय ही नहीं अपितु पूरा नगर आप को पाकर गर्व महसूस कर रहा है, मैं अपने सहयोगी सभी शिक्षकों के साथ बच्चों की उन्नति के लिए निरन्तर प्रयासरत हूँ, आप लोगों का मार्गदर्शन सदैव मिलता रहे जिससे यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान उत्तरोत्तर बनाये रखे।

## यथार्थ ज्ञान सत्संग, पुराणों एवं स्वाध्याय के माध्यम से अर्जित होता है: कथा व्यास उमेश पुरोहित

**संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्रवण कर श्रद्धालु श्रद्धाभाव से झूम उठे**



बुढार।

कॉलेज कॉलोनी में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्रद्धालु धर्मप्रेमियों नें पूरे श्रद्धाभाव से लाभ अर्जित किया और कथा के अंतिम दिवस वृंदावन से पधारे पूज्य उमेश पुरोहित नें कथा व्यास से सुदामा चरित्र का विस्तार से वर्णन किया और कथा को सुन श्रद्धालु धर्मप्रेमी श्रद्धाभाव से झूम उठे। कथा व्यास उमेश पुरोहित,शास्त्री जी ने प्रेरणादाई कथा का रसास्वादन कराते हुए कहाकि - जीवन का मुख्य लक्ष्य कर्म को सत्कर्म में बदलना है, सत्कर्म की ओर जानें के लिये ईश्वर के प्रति श्रद्धाव विश्वास का होना नितांत आवश्यक है, जो यथार्थ ज्ञान के प्राप्त होनें पर ही संभव है और यह यथार्थ ज्ञान सत्संग, पुराणों एवं स्वाध्याय के माध्यम से प्राप्त होता है, इसीलिए हमारे सनातन परंपरा में यज्ञ पौराणिक सत्संग का महत्व है, जो सद् विचारों से ओतप्रोत व्यक्तियों द्वारा आयोजित किये जाते हैं जिसका संपूर्ण लाभ मानव समाज को और आनें वाली पीढी.को अर्जित होता है। पूज्य उमेश पुरोहित (शास्त्री जी) नें कथा का श्रवण करनें वाले समस्त श्रद्धालु धर्मप्रेमियों के उज्जवल मय विष्य की कामनां करते हुये शुभाशीष दिये। तिवारी परिवार द्वारा कॉलेज कॉलोनी वार्ड क्रमांक 2 बुढार - धनपुरी में राजेश तिवारी, दिनेश तिवारी, उमेश तिवारी द्वारा पूज्य मां सावित्री देवी एवं पूज्य पिता सूर्य प्रसाद तिवारी को श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्रवण करवाया, जो 26 मार्च तक चला। समाजसेविका श्रीमती उमा त्रिपाठी नें कथा व्यास से पूज्य उमेश पुरोहित द्वारा प्रेरणादाई कथा से धर्मप्रेमियों को कृतार्थ करनें पर आभार जताते हुये कहाकि - श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ अमृत कलश की तरह रहा और धर्म हमें आपसी सद्भाव तथा सत्य के पथ पर चलनें का संदेश देता है, यह स्वर्णिम अवसर श्री तिवारी परिवार द्वारा अर्जित कराया गया।श्रीमद भागवत कथा अवसर पर काशी से पधारे ध्रुवाचार्य जी महाराज नें कहा कि मनके पवित्र होनें पर ही मन के विकार दूर होते हैं, मन में ये विकार प्रायः हमारे मन का इन्द्रियों एवं उनके विषयों में आसक्त होनें के कारण उत्पन्न होते हैं जो हमारे जीवनशैली को भ्रम के पथ पर तृष्णा के साथ भौतिक सुखों की ओर बढाते रहतें हैं, इन विकारों से बचनें के लिये श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाता है जिससे अज्ञानता दूर होती है, और मन में ज्ञानरूपी अमृत कलश की स्थापना होती है जिससे मन का मैल समूल नष्ट हो जाता है। धर्मप्रेमी दिनेश तिवारी नें श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजन में श्रद्धाभाव से भरपूर सहभागिता निभानें वाले सभी धर्मप्रेमियों के प्रति आभार जताया।

# देशी कट्टा एवं कारतूस लेकर घूम रहे आदतन अपराधी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शातिर बदमाश करण बिहारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह किसी आपराध को घटित करने के इरादे से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस लिए घूम रहा था।

माधव नगर थाना प्रभारी रूपेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि आदतन अपराधी करन बिहारो को अवैध रूप से 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन में की गई है। गत दिवस माधवनगर की पुलिस टीम भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि करण सिंह उर्फ बिहारी पिता स्व. रुपनारायण सिंह राजपूत उम्र 33 वर्ष नि. मानसरोवर कालोनी माधवनगर कटनी का कट्टा और जिंदा कारतूस लेकर घटना करने की नियत से घूम रहा है। जिस पर माधवनगर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर झिंझरी से करण बिहारी को 12 बोर के कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध धारा- 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्द किया गया है।

पुलिस के मुताबिक करन बिहारी मानसरोवर कालोनी का रहने वाला है। जो की लगातार अपराध जगत में सक्रिय है और अभी कल 24 मार्च 25 को ही हत्या के प्रयास के मामले में जिला जेल कटनी से रिहा हुआ था। जेल से आते ही पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी देने लगा जिस पर पुलिस ने फरियादी दीपक मोटवानी की रिपोर्ट पर आरोपी करन बिहारी के विरूद्ध धारा 296, 351(3), 3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## खबर संक्षेप

### उपचार के लिए 45 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की मंजूरी

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वार्ड नं. 10 बिजुरी निवासी रविन्द्र कुमार ओझा पिता लक्ष्मण ओझा को उपचार हेतु मुख्यमंत्री के स्वेच्छानुदान मद से स्वीकृत 45 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि के आहरण एवं संवितरण की मंजूरी प्रदान की है।

### मुख्यमंत्री संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि आज करेंगे वितरण

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 28 मार्च 2025 को अपरान्ह 3 बजे से मुख्यमंत्री कार्यालय से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जाएगा। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में जिला अंतर्गत संबल योजना के 260 हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि का भुगतान मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों के खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

### इलाज का हवाला देकर अनशनकारियों को जबरन ले गये अस्पताल



**कोतमा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फैली अव्यवस्था एवं डॉक्टरों कि कमी को लेकर पूर्व भाजपा पार्षद देवशरण एवं दीपक पटेल अधिवक्ता को प्रशासन के द्वारा 27 मार्च को इलाज की जरूरत का हवाला देते हुए जबरन उठाकर जिला अस्पताल ले जाया गया। मौके पर उपस्थित एसडीम ने बताया कि बिना अनुमति अनशन चल रहा था वही सीएमएचओ आरके वर्मा ने बताया कि 4 दिनों से भूखे प्यासे होने के कारण स्वास्थ्य में गिरावट के बाद उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया है। ज्ञात हो कि अनशनकारी 24 मार्च से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने आमरण अनशन पर बैठे थे। गुरुवार को राजस्व, स्वास्थ्य एवं पुलिस अधिकारियों के समक्ष चर्चा की गई। जिसके बाद दोनों के पास पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की चिंता का हवाला देते हुए जबरन उठाकर ले गए। बलपूर्वक की गई कार्यवाही को लेकर नगर में प्रशासन के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। सीएमएचओ डॉ आर के वर्मा ने बताया कि सप्ताह में 2 दिनों के लिए महिला एवं शिशु रोग विशेषज्ञों कोतमा में बैठेंगे।

### 4 वर्षों से लीज का पैसा न पटाने के कारण भारत पेट्रोल पंप सीज



**राजेन्द्रग्राम।** राजेंद्रग्राम मुख्यालय में संचालित भारत पेट्रोलियम लिमिटेड कंपनी का पेट्रोल पंप जो ग्राम पंचायत किरगी के खसरा नंबर 46/2 शासकीय भूमि पर लीज में संचालित है लेकिन पिछले 4 वर्षों से लीज की रकम न जमा करने के कारण कुल राशि 118150 रूपए की राजस्व शुल्क शेष है। यह पेट्रोल पंप सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते का बताया जा रहा है जिसके मैनेजर केदार गुप्ता को तहसीलदार द्वारा एक सप्ताह पहले पैसा जमा करने के लिए नोटिस दी गई थी उसके बाद कल 26 मार्च को पुष्पराजगढ़ तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा द्वारा मौके पर जाकर पैसा जमा करने के लिए 24 घंटे की अतिरिक्त मोहलत दी गई इसके बाद भी लीज का शुल्क न जमा होने के कारण तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा मध्य प्रदेश शासन के खाते में पैसा जमा होने तक के लिए पेट्रोल पंप को सीज कर दिया गया।

## स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला कर्मचारी की

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश

**साथ में रह रही बहन ने नहीं दी किसी को जानकारी, तेज दुर्गंध ने खोला राज**

कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ महिला कर्मचारी पूनम मोगरे 27 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती की संदिग्ध हालत में शव मिलने की खबर के बाद एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी सुन्देश सिंह सहित फोरेंसिक एक्सपर्ट भी घटनास्थल पहुंचे व जांच में जुटे रहे।

**कोतमा।**




बताया जाता है कि मृतिका महिला कर्मचारी वार्ड क्रमांक 2 में एक मकान में अपनी बहन के साथ किराए में रहती थी। जिसकी 2 से 3 दिन पूर्व मौत हो जाने के बाद भी बहन के द्वारा किसी प्रकार से स्वास्थ्य एवं पुलिस को सूचना न देते हुए उसे चोरी छुपे अंतिम संस्कार के लिए बनारस ले जाने की तैयारी कर रही थी। सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पहुंच शव को अपने कब्जे में लेते हुए गंभीरता से जांच में जुट गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूनम मोगरे 27 वर्ष जो डेढ़ साल पूर्व कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्यून के पद भर्ती हुई थी। अपनी बहन के साथ किराए के मकान में रहती थी जो 3 मार्च के बाद से अस्पताल ड्यूटी पर नहीं जा रही थी। बताया जाता है कि 27 वर्षीय युवती की मौत दो से तीन दिन पूर्व हो जाने के बाद भी उसकी बहन के द्वारा किसी प्रकार की कोई जानकारी न देने के बाद गुरुवार को घर से उठ रही तेज दुर्गंध के बाद सूचना मकान मालिक को देने के बाद उसके द्वारा पुलिस को सूचना दी।

### इधर कोयला चोरी के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया शख्स

कोतमा गोविंदा साइडिंग से कोयला चोर गिरोह के द्वारा प्रतिदिन कोयला लोड गाड़ियों से बड़े स्तर पर कोयला की चोरी खुलेआम की जाती है। जिसमें स्थानीय रेलवे एवं सीआईएसएफ विभाग के कर्मचारियों की साठगांठ बनी रहती है। मंगलवार को 12 बजे के लगभग चलती मालगाड़ी से दो दर्जन से ज्यादा कोयला चोरी करने चढ़े युवकों के द्वारा अलग-अलग वैगन में चढ़कर कोयला चोरी किए जाने के दौरान सूरज नामक एक शख्स हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से घायल हो गया। घायल अवस्था में देर तक तड़फने के बाद एक युवक की सूचना पर मौके पर एंबुलेंस पहुंची। घायल सूरज के चेहरे व पांव में तेज करंट लगने से तत्काल जमीन पर गिर गया था। गंभीर हादसा होते ही मौके पर उपस्थित 20 से 25 की संख्या में कोयला चोरों के द्वारा आनन -फानन में वहां से भाग खड़े हुए। एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लाकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। मामले के बारे में स्थानीय पुलिस से पूछे जाने पर बताया गया कि अस्पताल से एक करंट की चपेट में आने को लेकर सूचना आई है। पुलिस के द्वारा अस्पताल जाने पर घायल नहीं मिल सका ना ही किसी प्रकार का बयान हो सका। आरपीएफ थाना प्रभारी बीके चौधरी ने बताया कि साइडिंग में एक युवक के साथ हादसा होने की जानकारी आई है। टीम भेजकर मौके पर जांच कराई जा रही है। साइडिंग की जवाबदारी आरपीएफ की नहीं रहती है उसकी जवाबदारी सीआईएसएफ की होती है।



**इनका कहना है**

संदिग्ध परिस्थितियों में शव पाया गया है। सभी बिंदुओं से जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

**आरती शाक्य, एसडीओपी कोतमा**

## जंगल में लुप्त हुआ हाथी फिर मिला, घरों को कर रहा तबाह



**अनूपपुर।** एक हाथी विगत 8 दिनों से अनूपपुर जिले में प्रवेश कर अनूपपुर तथा जैतहरी तहसील,थाना एवं वन परिक्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण अंचलों से लगे जंगलो में दिन में विश्राम करने बाद देर रात होते ही ग्रामीणो के घरों,खेत,बांड़ी में आहार की तलाश करते हुए तोड़फोड़ कर नुकसान कर रहा है विगत रात पगना,ठेगरहा में विचरण करने के बाद गुरुवार की सुबह गोबरी के जंगल में यह हाथी पहुंचकर विश्राम कर रहा है। बुधवार की सुबह एक दांत वाला यह नर हाथी वन परिक्षेत्र जैतहरी के गोबरी बीट के जंगल के साथ वन परिक्षेत्र अनूपपुर के दुधमनिया बीट के पगना गांव से लगे जंगल शक्तिकुंडी के पास पूरे दिन जगह बदल-बदल कर विचरण कर रहा था देर शाम वन विभाग के श्रमिकों द्वारा काम करने के दौरान इस हाथी को विचरण करते देखा इसके बाद से निरंतर देर रात तक खोजबीन के बाद भी हाथी के विचरण की जानकारी नहीं मिली तभी अचानक ग्राम पंचायत पगना के ग्राम पगना के बरटोला में संजय सिंह के घर के पास खेत में लगी गेहूं की फसल को घंटो तक खाते हुए यह पगना, ठेगरहा, गोबरी मुख्य मार्ग पर चलता हुआ गुरुवार की सुबह ग्राम पंचायत गोबरी के ठेंगहहा गांव में कुन्ना कोल के घर के पास से होकर पंचम सिंह के घर में अचानक हमला बोलते हुए तोड़फोड़ कर घर के अंदर रखी सामग्री को खाते हुए बर्तन इत्यादि को भी नुकसान पहुंचा कर गोबरी के जंगल में विश्राम करने पहुंच गया। देर रात तक अनूपपुर एवं जैतहरी वन परीक्षेत्र के गश्ती दल में लगे अधिकारी/कर्मचारी हाथी के विचरण पर नजर रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क करते रहे हैं।

## हर्षल के निर्णय पर हर्षित हुआ नगर

# पुराने स्थान चेतना नगर में ही रहेगा एसडीएम व तहसील कार्यालय

**विधायक सहित भाजपा जिलाध्यक्ष ने यथास्थान पर तहसील रहने का सौंपा था ज्ञापन**

**अनूपपुर।**






इस समय सोशल मीडिया मे जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय अनूपपुर के नवीन भवन निर्माण के लिए स्थान परिवर्तन के संबंध मे तेज बहस छिडी हुई है जिसमे स्थान परिवर्तन का विरोध किया जा रहा है। जिसमे आखिरकार स्थानीय निवासियों को जीत मिली और इस बावत कलेक्टर कार्यालय ने प्रतिक्रिया भी दे दी। स्थान परिवर्तन को लेकर अनूपपुर के वर्तमान विधायक व पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम तक ने कलेक्टर को पत्र लिखकर स्थान परिवर्तन न करने हेतु कहा था। जिसके बाद जिला मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय अनूपपुर के नवीन भवन निर्माण के लिए स्थान परिवर्तन संबंधी कार्यवाही को रोका गया है जनता की मांग अनुसार तहसील कार्यालय के नवीन भवन का निर्माण कार्य पूर्व स्थान पर ही कराया जाएगा उक्ताशय की जानकारी देते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बताया कि तहसील कार्यालय अनूपपुर (जैतहरी रोड) प्रांगण में उपलब्ध भूमि में ही नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कराए जाने का निर्णय जिला प्रशासन द्वारा लिया गया है। ज्ञात हो कि जर्जर तहसील भवन का स्थानांतरण कर नवीन तहसील सामतपुर के वार्ड क्रमांक 1 पर बनाये जाने का प्रशासन ने निर्णय लिया था जिसकी जानकारी लगते ही स्थानीय नागरिक, अभिभाषक, राजनैतिक दल के नेताओं, नगर के युवा एवं पत्रकारों ने अपनी कडी आपत्ति कलेक्टर हर्षल पंचोली के समक्ष दर्ज कराई थी। जिस पर प्रशासन ने यू टर्न लेकर पुराने जर्जर भवन को ध्वस्त कर नया भवन बनाने की मंजूरी दी है। जिस पर शीघ्र ही नवीन भवन का निर्माण होगा। एक दिन पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिला महामंत्री जितेन्द्र सोनी, जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, पार्षद अनिल पटेल, मण्डल अध्यक्ष शिवरतन वर्मा सहित सैकडो लोगों ने कलेक्टर को यथा स्थान पर तहसील कार्यालय बनाने का ज्ञापन सौंपा था।

### परिषद के बिना प्रस्ताव के नगर पालिका ने दी थी एनओसी

एसडीएम एवं तहसील कार्यालय भवन को चेतना नगर से सामतपुर ले जाने के संबंध मे बिना परिषद के प्रस्ताव के नगर पालिका अनूपपुर ने अनापत्ति प्रमाण पत्र भी जारी कर दी थी जिसके बाद यह स्पष्ट हो गया था कि नवीन भवन का निर्माण अब सामतपुर मे ही होना है, लेकिन इसी बीच स्थानीय युवाओं ने इस मामले मे कडा विरोध करते हुये जनप्रतिनिधियों समेत जिम्मेदार अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखी और अंततः जीत उन्ही की हुई और स्थान परिवर्तन पर पूर्ण विराम लग गया।



## विवादित बयान को लेकर राजपूत करणी सेना ने किया पुतला दहन

**अनूपपुर।**

समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा के ऊपर दिए गए विवादित बयान को लेकर के बुधवार को श्री राजपूत करणी सेना ने इंदिरा तिराहे में रामजी लाल सुमन का पुतला दहन किया गया। इस दौरान राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज के कुल गौरव राणा सांगा के ऊपर सपा सांसद रामजी लाल सुमन के किए गए अभद्र टिप्पणी से संपूर्ण क्षत्रिय समाज इससे आहत हुआ है। जिसको लेकर के सपा सांसद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान करणी सेना के पदाधिकारियों ने सपा सांसद के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान कोतवाली पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के लिए मौके पर उपस्थित रही। पुतला दहन के दौरान राजपूत करणी सेना के प्रदेश मंत्री देवी सिंह, बीन सिंह, सुखेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, बद्रीस सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, सतवंत, आशीष, अभिषेक, राहुल, सुधीर, रवि, प्रशांत, अवधेश, सत्यम, धर्मेंद्र, दीपक, गोलू, नितिन सिंह, आशुतोष, ओमकार, शिवकुमार ,संदीप, फूलचंद उपस्थित रहे।

## जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलाया जाएगा जल गंगा संवर्धन अभियान

### अभियान के पूर्व जिले के जल संरचनाओं को जीर्णोद्धार हेतु किया जाए चिन्हित

**अनूपपुर।**



कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएंगे। सभी संबंधित विभाग के अधिकारी अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु सहभागिता निभाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रमुख उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में जल गंगा संवर्धन अभियान के पूर्व तैयारियों एवं कार्य योजना संबंधी बैठक लेकर अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के.के. सोनी सहित संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार तथा मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने तथा जल वितरण की संरचनाओं की साफ सफाई सहित अन्य विभिन्न कार्य किए जाएंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे जल स्त्रोत एवं संरचना जिन्हें जीर्णोद्धार करने की आवश्यकता है। ऐसी संरचनाओं को 29 मार्च के पूर्व ही चिन्हित कर लिया जाए तथा इसकी जानकारी कलेक्टर कार्यालय में प्रेषित किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि नदी अथवा जल स्त्रोतों के समीप कार्यक्रम का आयोजन कर जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। अभियान के व्यापक स्तर पर शुरुआत करने हेतु प्रत्येक नगरीय निकाय एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत में जन समुदाय की उपस्थिति में जल संरक्षण व संवर्धन अभियान प्रारंभ होगा। बैठक में कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत पौधरोपण के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी पौधरोपण हेतु स्थान चिन्हित कर ले तथा जल संरचनाओं के आसपास भी वृहद रूप से पौधरोपण किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने अभियान की मॉनिटरिंग हेतु गूगल ड्राइव बनाकर प्रतिदिन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी अपडेट करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, उद्यानिकी विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, पर्यावरण विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग तथा जनसंपर्क विभाग सहित अन्य विभिन्न विभागों के द्वारा अभियान के अंतर्गत सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## विद्यार्थियों के शिक्षा प्रोत्साहन के लिए महत्वपूर्ण है ओलंपियाड प्रतियोगिता

### जिला और राज्य स्तरीय उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**अनूपपुर।** राज्य शासन द्वारा आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने का अच्छा प्रयास है बच्चे देश का भविष्य है उनके शिक्षा की नींव जितनी मजबूत होगी उतना ही बच्चों का भविष्य सशक्त होगा और देश मजबूत होगा उक्ताशय के विचार कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला पंचायत सभागार में जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता सत्र 2024- 25 के विद्यार्थियों के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनजातीय कार्य विभाग की सहायक आयुक्त सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक बीआरसी जैतहरी विष्णु मिश्रा सहित विद्यार्थी, अभिभावक व शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सम्मान समारोह



को संबोधित करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि नौनिहालों के भविष्य को संवारने में अभिभावक और शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है आदर्शवान व संस्कारवान बच्चों के विकास में उनका संपूर्ण योगदान आवश्यक है कलेक्टर ने जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में विषय आधारित बेहतर प्रदर्शन करने वाले जिले के विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को श क्षिा के क्षेत्र में कहीं कोई परेशानी नहीं होगी अगर कोई दिक्कत होती है तो वह जिला प्रशासन से मदद ले सकते हैं। ओलंपियाड 2024- 2025 के जिला एवं राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिले के छात्र-छात्राओं, विषय शिक्षकों को कलेक्टर हर्षल पंचोली जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा एवं जिला शिक्षा केंद्र के जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने प्रमाण- पत्र, प्रतीक चिन्ह तथा आवश्यक सामग्री प्रदान कर सम्मानित किया सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में कक्षा दो के सानू सिंह इसी तरह आकाश यादव, आयांशी माझी, उषा नापित, अनीश यादव, काम्या, सरस्वती सिंह, रचित, रिया, अंशिका, लक्ष्मी सिंह, कीर्ति, अर्चिता मिश्रा, अंशु, आदित्य पांडे, शिवम प्रजापति नवनीत सिंह, सूरज चौधरी, संध्या सिंह के नाम शामिल हैं इसी तरह छात्र-छात्राओं के विषय शिक्षकों को भी कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।